फाइल सं. ए-12024/1/2022-ईएसए(डब्ल्यूई)(ई)

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

****

श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 28, नवंबर, 2022

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, दिल्ली में महानिदेशक के पद भरने हेतु।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि श्रमिक शिक्षा योजना के प्रशासन एवं कार्यान्वयन हेतु वर्ष 1958 में श्रम और रोजगार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थापित एक स्वायत्त निकाय (पंजीकृत सोसाइटी), दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (डी.टी.एन.बी.डब्ल्यू.ई एण्ड डी), दिल्ली में स्तर 14 (1,44,200 रु. - 2,18,200/- सातवाँ केन्द्रीय वेतन आयोग) के वेतनमान में महानिदेशक के एक पद को भरे जाने हेतु रिक्ति का पुन:विज्ञापन देने का प्रस्ताव किया गया है।

2. महानिदेशक, बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में, बोर्ड के कार्यों के समुचित प्रशासन हेतु जिम्मेदार होगा। महानिदेशक, बोर्ड के सभी अधिकारियों और स्टाफ के कार्यों का निर्धारण करेगा और आवश्यकतानुसार पर्यवेक्षण और अनुशासनात्मक नियंत्रण का प्रयोग करेगा। बोर्ड के आदेशों, नियमों और उपनियमों के अधीन महानिदेशक द्वारा प्रशासन, लेखा, सहायता अनुदान, सतर्कता, गोपनीय मामले, ग्रामीण तथाअसंगठित क्षेत्र के कामगारों की शिक्षा, आंचलिक निदेशालयों, भारतीय श्रमिक शिक्षा संस्थान, मुंबई तथा सभी क्षेत्रीय निदेशालयों में राष्ट्रीय राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का समग्र नियंत्रण किया जाना अपेक्षित है।

3. भर्ती नियमों के अनुसार इस पद को प्रतिनियुक्ति/पदोन्नति द्वारा भरा जाना अपेक्षित है।

4. केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी वैधानिक अथवा स्वायत्त संगठनों के वे अधिकारी जो निम्नलिखित योग्यताएँ रखते हैं, प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र होंगे:

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारित हों; अथवा

(ii) स्तर 13 क रु. 131100 - 216600/- के वेतन मान के पदों पर 2 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों; अथवा

(iii) स्तर 13 रु. 123100 - 215900/- के वेतन मान के पदों पर 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हों; तथा

(ख) निम्नानुसार योग्यताएं एवं अनुभव रखते हों:-

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि तथा समकक्ष;

(ii) ग्रुप 'ए' पद अथवा समकक्ष पर जिम्मेदारी के पद में पंद्रह वर्षों का अनुभव रखते हों।

**<u>वांछनीय:</u>** प्रशिक्षण अथवा शैक्षणिक अथवा ग्रामीण विकास या योजना विकास के क्षेत्र में श्रम संबंधी मामलों में व्यावहारिक तथा प्रशासनिक अनुभव।

5. ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने वाले विभागीय अपर निदेशक पर भी बाहरी अधिकारियों के साथ-साथ विचार किया जाएगा, और यदि उस पद पर नियुक्ति हेतु उनका चयन किया जाता है तो उस पद को पदोन्नति द्वारा भरा हुआ माना जाएगा।

6. फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी लाइन में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के लिए पात्र नही होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति पर विचार के लिए पात्र नहीं होंगे।

7. प्रतिनियुक्ति की अवधि, भारत सरकार के उसी या अन्य संगठनों या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य गैर संवर्गीय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित 5 वर्ष से अधिक नहीं होंगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होंगी।

8. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने महानिदेशक डी.टी.एन.बी.डब्लू.ई. एंड डी. के पद को तत्काल आमेलन के सिद्धांत के दायरे से छूट प्रदान की है।

9. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारियों के लिए निबंधन एवं शर्तें और वेतन एवं भत्तों को भारत सरकार कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित, दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/08/2009-स्था.(वेतन II) में निहित प्रावधानों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

10. पात्र और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन (दो प्रतियों में) अनुबंध में संलग्न प्रारूप में उचित माध्यम द्वारा अवर सचिव (ई एस ए), कमरा संख्या 14, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001 को **रोजगार समाचार में परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 06 सप्ताहों के भीतर** नीचे सूचीबद्ध दस्तावेजों के साथ अग्रेषित किए जाएं। सीधे भेजे गए अथवा उचित माध्यम से नहीं भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. संलग्न प्रारूपों में आवेदन अग्रेषित करते समय, आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तवेज संलग्न किए जाएं:-

(क) पिछले पाँच वर्ष की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (ए पी ए आर) की प्रतियाँ (सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित)।

(ख) इस आशय का प्रमाण-पत्र कि आवेदक के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कोई सतर्कता/अनुशासनिक कार्रवाई लंबित नहीं है।

(ग) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र।

(घ) पिछले 10 वर्षों के दौरान आवेदक पर लगाई गई छोटी/बड़ी शास्तियों का विवरण।

(ड.) संवर्गीय अनापत्ति।

12. अंतिम तिथि के बाद या पूर्ण दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें अस्वीकार किया जा सकता है। आवेदनों को अग्रेषित करते समय विभागाध्यक्ष द्वारा यह सत्यापित एवं प्रमाणित किया जाना चाहिए कि अधिकारी द्वारा दिया गया विवरण सही है और कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार सतर्कता की दृष्टि से आपत्ति-मुक्त है।

13. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में नाम वापस लेने कि अनुमति नहीं दी जाएगी।

14. महानिदेशक, दत्तोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (डी.टी.एन.बी.डब्ल्यू.ई.डी), दिल्ली का पद भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करते हुए रोजगार समाचार (अंग्रेजी और हिन्दी) के दिनांक 21 से 27 मई, 2022 के अंक में प्रकाशित पूर्वगत विज्ञापन तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए दिनांक 6 मई, 2022 के पूर्वगत रिक्ति परिपत्र को प्रशासनिक कारणों से एतद्द्वारा वापस लिया जाता है। उक्त विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे नये सिरे से आवेदन पुन: प्रस्तुत करें।

20.10.22

**(रत्नाकर झा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष सं. : 23753083**

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव
3. सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी निकायों/सांविधिक या स्वायत संगठनों के अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
4. सभी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों/अनुसंधान संस्थानों के रजिस्ट्रार
5. डी जी एल डब्ल्यू/सी एल सी(सी)/डी जी ई/डी जी एफ ए एस एल आई/डी जी एम एस/डी जी एल बी/वी वी जी एन एल आई ।
6. अध्यक्ष, डी टी एन बी डब्ल्यू ई एंड डी दिल्ली
7. महानिदेशक, डी टी एन बी डब्ल्यू ई एंड डी दिल्ली
8. एन आई सी, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को इस परिपत्र की प्रति श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
9. तकनीकी निदेशक, एन आई सी,डी.ओ.पी.टी कमरा संख्या 11/ए, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001. (डी.ओ.पी.टी की वेबसाइट (स्वायत संगठन में रिक्ति नामक शीर्षक के अंतर्गत) पर पोस्ट करने के लिए)।

अनुबंध

जीवनवृत्त प्रपत्र

| हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो यहां चिपकाएं |
|---|

1. नाम और पता (साफ अक्षरों में) :

2. जन्म तिथि (ई.सन में) :

3. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि :

4. शैक्षिक योग्यताएं :

5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरी हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है तो उसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें) :

| | | | आवश्यक योग्यता / अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| | अनिवार्य | 1. | | |
| | | 2. | | |
| | | 3. | | |
| | वाँछनीय | 1. | | |
| | | 2. | | |
| | | 3. | | |

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की अपेक्षा को पूरा करते हैं :

7. कालक्रमानुसार नियोजन का विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग कागज-पत्रक संलग्न करें।

| कार्यालय संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात, तदर्थ या अस्थायी या स्थायीवत या स्थायी :

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं-

क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख :

ख) प्रतिनियुक्ति/ संविदा पर नियुक्ति की अवधि :

ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं :

10. वर्तमान नियोजन के संबंध में अतिरिक्त जानकारी :

कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के अधीन नियोजित हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें) :

क) केंद्र सरकार :

ख) राज्य सरकार :

ग) स्वायत्त संगठन :

घ) सरकारी उपक्रम :

ङ) विश्वविद्यालय :

च) अन्य (उल्लेख करें) :

11. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड या फीडर टू फीडर ग्रेड में हैं। :

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो उस तिथि का उल्लेख करें जिससे संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें :

13. वर्तमान में प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां :

14. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं (इसमें अन्य बातों के साथ-साथ रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन में निर्धारित बातों के अलावा (i) अतिरिक्त अकादमिक योग्यताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी दी जा सकती है) :

(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग कागज-पत्रक संलग्न करें)।

15. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन, पुन: नियोजन के आधार पर आवेदन कर रहे हैं। (केंद्र/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र गैर-सरकारी संगठनों के "आमेलन" अभ्यर्थियों हेतु पात्र हैं) :

16. क्या अ.जा/अ.ज.जा. से हैं :

17. टिप्पणियां (उम्मीदवार (i) शोध प्रकाशनों और रिपोर्टों, विशेष परियोजनाओं (ii) पुरस्कार, छात्रवृत्ति, आधिकारिक प्रशस्ति (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/ सोसाईटियों के साथ संबद्धता और (iv) किसी अन्य सूचना के संबंध में जानकारी का उल्लेख कर सकते हैं। :
(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग कागज-पत्रक संलग्न करें)

मैंने रिक्ति परिपत्र विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह से ज्ञात है कि मेरे द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित जीवनवृत्त का पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन भी किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

दिनांक__________

पता____________________

____________________

____________________

____________________

**<u>विभागाध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित</u>**

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त विवरणों की जांच और सत्यापन आधिकारिक रिकॉर्ड से किया गया है।

____________________

____________________

(नियोक्ता के हस्ताक्षर मुहर सहित)